व दर्शन पर प्रकाश डाला व शिक्षकीय

साक्षरता कार्यक्रम' के अंतर्गत आए हुए असाक्षरों को पेन भेंट करते हुए उनके

किया।

शासकीय उच्च.माध्य.शाला खुज्जी मे साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ

धनंजय गोस्वामी डोंगरगांव रिपोर्टिंग राजधानी रिपोर्टर

डोंगरगांव- शासकीय उच्च.माध्य.शाला खुज्जी में दिनांक 09.09.2024 को ष्ठद्बष्ठस्न और शास. दिग्विजय महाविद्यालय के द्वारा सायबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में शास.दिग्विजय कॉलेज के एम.एससी. फिजिक्स के छात्र वेदित्य कोर्राम के द्वारा सायबर सुरक्षा के संबंध में विस्तार से जानकारी दिया गया। कार्यक्रम में शाला के राष्ट्रीय सेवा योजना और यूथ एवं इको क्लब के छात्रों की संयुक्त सक्रिय सहभागिता रही। आजकल किशोर वर्ग के बच्चों में इंटरनेट और अन्य सोशल प्लेटफार्मो के प्रति अत्यधिक रुचि बढ़ गई है और यहीं से बच्चे समुचित जानकारी के अभाव में गलत रास्ते पर चले जा रहे हैं।वाट्सअप,इंस्टाग्राम,फेसबुक जैसे सोशल प्लेटफार्म के द्वारा बच्चे गलत कॉन्टेक्ट में आकर ब्लैकमेल एवं ठगी का शिकार हो रहे हैं।साथ ही इंटरनेट और सोशल मीडिया में अत्यधिक लत हो जाने से छात्र अपनी पढ़ाई को कम समय दे रहे हैं इससे छात्रों की शैक्षिक उपलब्धि प्रभावित हो रही है और समाज का युवा अपने लक्ष्य से भटक रहा है। समाज में ऑनलाइन ठगी के द्वारा बैंक अकाउंट से राशि आहरण की घटनाएं लगातार बढ़ रही है। लोग ठगी के शिकार हो रहे हैं। इस तरह सायबर अपराधीकरण की गिरफ्त से बचने के लिए समुचित जानकारी और सावधानी ही एकमात्र उपाय है। शाला के यूथ एवं इको क्लब प्रभारी शिक्षक रूपेश नागपुरे एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी और प्रभारी प्राचार्य गुमान साहू ने भी छात्रों को सायबर सुरक्षा एवं मोबाइल के सीमित उपयोग करने के सलाह छात्रों को दिया।